प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के मध्य करार

पन्तनगर। 18 सितम्बर 2023। पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के मध्य शैक्षणिक, अनुसंधान, विद्यार्थियों एवं फैकल्टी एक्सचैंज के लिए वर्ष 2018 में हुए करार (एम.ओ.यू.) का आज संग्रीला होटल, नई दिल्ली में पुनः पांच वर्ष (वर्ष 2023–28 तक) के लिए नवीनीकरण किया गया। इस करार पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के कुलपति तथा अध्यक्ष प्रोफेसर वार्नी ग्लोवर ने हस्ताक्षर किया। आस्ट्रेलियन डेलिगेशन में प्रोफेसर वार्नी ग्लोवर के अलावा प्रो. वी.सी., प्रोफेसर रेबोरा स्वीनी, लीण्डा टेलर, इयान एण्डरसन, डा. निशा राकेश एवं डा. बसन्त माहेश्वरी तथा पंतनगर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. शिव प्रसाद एवं निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल शामिल हुए। इस करार से जहां विद्यार्थी एवं संकाय सदस्यों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का भ्रमण करने का मौका मिलेगा वहीं शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए दोहरी उपाधि के क्रियान्वयन हेतु भी विचार विमर्श किया गया।

करार के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं वेस्टर्न सिडनी, यूनिवर्सिटी के कुलपति तथा अध्यक्ष प्रोफेसर वार्नी ग्लोवर एवं अन्य।